

नवभारत
इंदौर, रविवार, 2 नवंबर, 2025


## एक नजर में

### श्री राधाकृष्ण सरकार मंदिर में धूमधाम से मनाया तुलसी विवाह आयोजन



**झाबुआ।** शहर के ह्रदय स्थल राजवाड़ा स्थित अति-प्राचीन श्रीराधाकृष्ण सरकार मंदिर में देवउठनी एकादशी पर्व पर तुलसी सेवा समिति महिला मंडल द्वारा विभिन्न गतिविधियों एवं वैवाहिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूवात 31 अक्टूबर, शुक्रवार शाम से हुई। जिसमें भगवान शालीग्राम एवं माता तुलसी को हल्दी, मेंहदी,सगाई, बन्ना-बन्नी भजनो से वैवाहिक रसम से संपन्न की गई। पश्चात् 1 नवंबर, शनिवार शाम 5 बजकर 35 मिनिट पर विवाह मंडप में भगवान शालीग्राम को दुल्हा वेष में एवं माता तुलसी को दुल्हन वेष धारण करवाया जाकर संपूर्ण वैवाहिक रस्मोरिवाज का चित्रण कर हर्षोल्लास के साथ निभाया गया। मंदिर के मंहत अजय बैरागी मनीष बैरागी ने बताया कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को देवउठनी एकादशी के रूप में मनाया जाता है। इसे देवोत्थान या देव प्रबोधिनी एकादशी भी कहा जाता है।

**शुभ कार्य होते है शुरू**-धार्मिक मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु योग निद्रा से जागकर पुन: सृष्टि के कार्यों का संचालन आरंभ करते है। साथ ही देवउठनी एकादशी से ही विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन और अन्य शुभ कार्यों की शुरुआत हो जाती है। वहीं इस दिन भगवान विष्णु के शालिग्राम स्वरूप और माता तुलसी का विवाह कराया जाता है। मान्यता है कि इस दिन ऐसा करने से व्यक्ति को कन्यादान के समान पुण्य प्राप्त होता है और घर में सुख-समृद्धि का वास होता है। तुलसी सेवा समिति अध्यक्ष देविका तुलसीदास बैरागी ने बताया की तुलसी विवाह का इतिहास पौराणिक कथाओं से जुड़ा है। जिसके अनुसार राक्षस जलंधर की पत्नी वृंदा ने भगवान विष्णु को श्राप दिया था। जब भगवान विष्णु ने जलंधर का वध किया, तो वृंदा ने अपने पतिव्रत धर्म को भंग होते देख विष्णु को पत्थर बनने का श्राप दिया।

**इनका रहा विशेष सहयोग**-इसके बाद वृंदा की राख से तुलसी का पौधा निकला और भगवान विष्णु ने अपने शालीग्राम स्वरूप में तुलसी से विवाह किया। तुलसी विवाह का अनुष्ठान मुख्य रूप से गोधूली वेला यानी संध्याकाल के समय ही किया जाता है। इस आयोजन को सफल बनाने देविका बैरागी, निशा अजय बैरागी, कविता मनीष बैरागी, ओजस्व बैरागी, मेघावी बैरागी, पंखुरी बैरागी, मनीषा मुकुंदचंद्र जोशी आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

### आत्मविश्वास की उड़ान : झाबुआ डिप्टी कलेक्टर मैडम ने जाना सक्षम कार्यक्रम के माध्यम से आए हुए सकारात्मक बदलाव को



**झाबुआ.** जिले के मेघनगर ब्लॉक स्थित पी.एम. श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित ' *सक्षम जीवन कौशल चर्चा कार्यक्रम ' * में *डिप्टी कलेक्टर एवं एसडीएम रितिका पाटीदार मैम ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।* साथ में बीआरसी सर श्री महेश सोलंकी सर के द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर बालिकाओं ने अपने आत्मविश्वास और ज्ञान का प्रदर्शन किया, जिससे डिप्टी कलेक्टर मैम अत्यधिक प्रभावित हुईं। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं ने 'मेरी सीख' कॉपियों के माध्यम से अपने जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को साझा किया। बालिकाओं ने बताया कि कैसे सक्षम कार्यक्रम ने उन्हें आत्मविश्वास और जीवन कौशल के महत्व को समझने में मदद की है ।बालिकाओं ने डिप्टी कलेक्टर मेम के सवालों के जवाब भी दिए, जिससे उनकी जिज्ञासा और ज्ञान का पता चलता है। डिप्टी कलेक्टर मैम ने बालिकाओं के आत्मविश्वास की प्रशंसा की और उन्हें इसी आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सक्षम कार्यक्रम के माध्यम से जो सीख आपको मिल रही है, वह आपके भविष्य में बहुत काम आएगी। इस अवसर पर बाल कैबिनेट ने एसडीएम मैम को एक आवेदन सौंपा, जिसमें शौचालयों की साफ-सफाई और सैनिटरी पैड की व्यवस्था करने की मांग की गई है। डिप्टी कलेक्टर मैम ने जल्द से जल्द व्यवस्था करने का आदेश दिया, ताकि विद्यार्थियों को समस्या का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम में माध्यमिक शाला प्रभारी श्री दिनेश कुमार दिवाकर, जनशिक्षक भेरूलाल सोलंकी, मास्टर ट्रेनर अभिलाषा शर्मा, सक्षम कार्यक्रम जिला प्रबंधक रवि प्रताप सिह तोमर,ब्लॉक प्रबंधक पूजा साहू और विद्यालय स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं में आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच को बढ़ावा मिला है, जो उनके भविष्य के लिए एक अच्छा संकेत है।

### बालिका से छेड़छाड़ करने वाले अज्ञात आरोपी को पेटलावद पुलिस ने कुछ ही घंटों में किया गिरफ्तार



**झाबुआ.** दिनांक 31.10.2025 को फरियादिया के साथ उसके घर के ही सामने एक अज्ञात युवक ने छेड़छाड़ की घटना की, इस संबंध में फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना पेटलावद में अपराध क्रमांक 420/2025, धारा 75(1)(द्व) बी.एन.एस. एवं धारा 7/8 पॉक्सो एक्ट का पंजीयन किया गया। घटना के बाद पेटलावद पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कस्बे के विभिन्न स्थानों पर लगे ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज का गहन विश्लेषण किया गया। साथ ही मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी शुभम पिता मुकेश सिसोदिया, उम्र 22 वर्ष, निवासी नई बस्ती पेटलावद को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। उक्त सराहनीय कार्य में निरीक्षक निर्भयसिंह भूरिया, उप निरीक्षक महेश भामदरे, उप निरीक्षक अर्चना चौहान, सउनि गोवर्धनलाल धाकड़, सउनि महेन्द्र पटेल, प्रआर अरविन्द बारिया, प्रआर पवन चौहान, प्रआर पप्पुसिंह बामनिया, प्रआर भुरजी गुण्डिया, प्रआर भगतसिंह सोलंकी, प्रआर मनोज भूरिया, प्रआर विरेन्द्र गामड़, महिला प्रआर रूनिता बामनिया, आरक्षक वेरसिंह, रविन्द्र, हालुसिंह, मुकेश अहोरिया, राहुल मुजाल्दा, प्रकाश भगोरा, मुकेश सिंगाड़, रवि भाभर, शिवम, राहुल वसुनिया, अमित, तथा प्रकाश मण्डलोई सम्मिलित रहे।

# हमें विकसित आलीराजपुर की दिशा में कार्य करना है : नागर सिंह

▶ प्रदेश की संस्कृति, आत्मनिर्भरता और जनजातीय गौरव को समर्पित रहा कार्यक्रम




**आलीराजपुर । मध्य प्रदेश के 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर क्रांतिकारी शहीद छीतू सिंह किराड़ शासकीय कॉलेज के ऑडिटोरियम में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विद्यार्थी और नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री नागर सिंह चौहान थे। उनके साथ सांसद अनीता चौहान, जिला अध्यक्ष हजरी खरत, कलेक्टर नीतू माथुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप पटेल , संयुक्त कलेक्टर मनोज गरवाल, अनुविभागीय अधिकारी तपीस पांडे और सुश्री निधि मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र तंवर ने किया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की शुरुआत हाई स्कूल भारत की चौकी की बालिकाओं द्वारा मध्यप्रदेश गान से हुई, जिसने उपस्थित सभी दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कैबिनेट मंत्री नागर सिंह चौहान ने कहा कि 'मध्यप्रदेश आज देश के तेजी से विकसित होते राज्यों में से एक है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश का सपना साकार कर रहे हैं।

हमें भी 'विकसित आलीराजपुर' और 'आत्मनिर्भर जिले' की दिशा में कार्य करना चाहिए। 'उन्होंने जिलेवासियों से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की अपील की और स्थानीय कारीगरों जैसे प्रजापति समाज द्वारा मिट्टी के दीये और गोबर-मिट्टी के गणेश बनाने की पहल की सराहना की। मंत्री चौहान ने आगे बताया कि आगामी 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जिले में आगमन करेंगे और शहीद क्रांतिकारी छीतू सिंह किराड़ तथा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमाओं का अनावरण करेंगे।

सांसद अनीता चौहान ने जिलेवासियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 'जितना छोटा क्षेत्र होगा, वहाँ विकास की गति उतनी ही तेज होगी।' उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग पर जोर दिया।

इस अवसर पर कलेक्टर नीतू माथुर ने मप्र स्थापना दिवस की बधाई देते हुए अपने संबोधन में कहा कि मध्यप्रदेश विविधताओं से भरा हुआ प्रदेश है यहाँ की संस्कृति, खान-पान और आदिवासी परंपराएँ प्रदेश की पहचान हैं। हमें मिलकर जिले और प्रदेश को विकास की दिशा में आगे बढ़ाना है।

> स्वामी विवेकानंद विद्यापीठ द्वारा मप्र गान सुख का दाता सब का साथी पर नृत्य प्रस्तुत किया , हाई स्कूल भारत की चौकी द्वारा समाज की कुरीतियों का दिखाते हुए नृत्य प्रस्तुति की , शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय हिन्दुस्तान का दिल देखो गीत पर मनमोहक नृत्य किया एवं भारत की चौकी शासकीय विद्यालय द्वारा आदिवासी लोक नृत्य पर प्रस्तुति दी ।इस दौरान स्वरूप क्षीरसागर एवं संजय गांधी द्वारा तबला एवं वायलिन पर हर कर्म अपना करेंगे देश भक्ति गीत की प्रस्तुति एवं संगीता भावसार , रितु सोलंकी एवं जितेन्द्र तंवर द्वारा देश भक्ति दी । इस प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने प्रदेश की विभिन्न सांस्कृतिक परम्परा एवं एकता के रूप से मंच पर उतारा । कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर श्रीमती माथुर द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र वितरित किए । इस अवसर पर भाजपा नेता मोंटू शाह, भदु भाई पचाया सहित अन्य लोग मौजूद थे।



## नाई टोडी में होगी शिव परिवार की प्राणप्रतिष्ठा, कलश यात्रा निकाली

**मेघनगर .** मेघनगर विकासखंड की ग्राम पंचायत खच्चरटोडी नाई टोडी मे दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन कर शिव परिवार की प्राणप्रतिष्ठा की जाएगी । शनिवार को सुबह मंदिर प्रांगण से कलश यात्रा के साथ बैन्ड बाजे ढोल ढमाका पालकी के साथ भोलेनाथ शिव परिवार को भ्रमण कराकर जो प्रमुख मार्गों से होते हुए पुन: मंदिर पर पहुंची जहां पर यजमान द्वारा कलश यात्रा शिव परिवार का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया वहीं विद्वान आचार्य द्वारा विधि विधान से भगवान शिव परिवार की पुजा कर मंत्रों का उच्चारण कर यज्ञ देवता का आह्वान किया । रविवार को शिव परिवार की प्राणप्रतिष्ठा होगी शनिवार रात्रि में भजन संध्या का आयोजन हुआ । आयोजन कार्यक्रम में पूर्व विधायक कलसिंह भाबर भाजपा नेता मुकेश मेहता रामसिंह मेरावत बाबु मचार दशरथ घोती नवल नायक दशरथ कट्ठा में पहुंचकर दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया आयोजित भण्डारे मे धर्म स्वलमबी लोगों पहुंचकर भोजन प्रसादी ग्रहण की समिति के सदस्यों द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे अधिक से अधिक संख्या मे पहुंचने की अपिल कर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया.

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर जिलेभर में 'रन फॉर यूनिटी' का भव्य आयोजन

### कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने एकता दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**आलीराजपुर । जिले में 'रन फॉर यूनिटी - एकता दौड़' का भव्य और ऐतिहासिक आयोजन किया गया। यह आयोजन लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में किया गया, जिनके अदम्य साहस, दृढ़ निश्चय और राष्ट्रीय एकीकरण के योगदान को पूरे देश में आज भी श्रद्धा से याद किया जाता है।**

इस अवसर का उद्देश्य देश में एकता, अखंडता और समरसता के भाव को सशक्त बनाना तथा नागरिकों में देशभक्ति, सहयोग और सामाजिक सद्भाव की भावना को प्रबल करना रहा। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस नियंत्रण कक्ष, अलीराजपुर से हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर एवं पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



कार्यक्रम की शुरुआत में सर्वप्रथम सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, कॉलेज एवं स्कूल के छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय सायबर सुरक्षा जागरूकता माह (ह्ष्ट्रस्न्र-2025) के अंतर्गत सायबर सुरक्षा शपथ दिलवाई गई, जिसमें डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन सतर्कता तथा साइबर अपराधों से बचाव का संकल्प लिया गया। इसके उपरांत कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने 'रन फॉर यूनिटी - एकता दौड़' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौड़ में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, पुलिस बल, सामाजिक संगठन एवं आम नागरिक उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। यह एकता दौड़ पुलिस नियंत्रण कक्ष से प्रारंभ होकर दाहोद नाका, राक्सा चौराहा, सिनेमा चौराहा से होते हुए एक भारत - श्रेष्ठ भारत' का संदेश देते हुये फतेह क्लब मैदान तक पहुंची। फतेह क्लब मैदान में कार्यक्रम का समापन हुआ, जहां कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर एवं पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलवाई। शपथ के दौरान सभी ने देश की एकता, अखंडता और भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प दोहराया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रखर सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप पटेल सहित पुलिस के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

संपूर्ण जिले में उत्साहपूर्ण आयोजन- 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम जिले के सभी थानों में भी थाना प्रभारियों के नेतृत्व में अत्यंत उत्साह और देशभक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। प्रत्येक क्षेत्र में विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों, पुलिस बल और नागरिकों ने एक साथ दौड़कर 'एक भारत - श्रेष्ठ भारत' के संदेश को घर-घर तक पहुंचाया।

# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन ने जन्मदिवस समारोह और सरदार पटेल की जयंती धूमधाम से मनाई

▶ वरिष्ठ पेंशनरों ने लोह पुरूष के जीवन पर रखे अपने-अपने विचार




**झाबुआ।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला समिति ने 16 से 31 अक्टूबर-2025 के बीच 3 सदस्यों के जन्मदिन आने से उन्हें कार्यालय में आमंत्रित किया गया। जिसमें वरिष्ठ पं. जनार्दन शुक्ला, प्रकाश नीमा एवं सुश्री कीर्ति देवल का सभी ने पुष्पमाला पहनाकर जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी और उनके स्वस्थ, सुखी और समृद्ध जीवन के साथ दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर भारतरत्न सरदार वल्लभभाई पटेल को याद करते हुए उनकी जयंती भी मनाई गई।

कार्यक्रम में एसोसिएशन जिलाध्यक्ष ललित त्रिवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि यह दिन हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि हम न केवल पेंशनरों का जन्मदिवस मना रहे हैं, अपितु सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती भी साथ में मनाई जा रही है। जिन्होंने भारत की एकता और अखंडता में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। वरिष्ठ संरक्षक डॉ. केके त्रिवेदी ने भारत रत्न पूर्व उप-प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे वल्लभाई पटेल ने 650 रियासतों के विलय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाने में योगदान दिया। डॉ. त्रिवेदी ने स्टेच्यू ऑफ यूनिटी का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सरदार पटेल की एकता और अखंडता के प्रति समर्पण का प्रतीक है, जो गुजरात के केवड़िया में स्थित है और दुनिया की सबसे ऊंची 182 फ़ीट की प्रतिमा है। कार्यक्रम में आत्मप्रकाश अरोड़ा, राधेश्याम परमार 'दादुभाई', यशवंत त्रिवेदी ने मधुर गीत गाकर सभी से प्रशंसा प्राप्त की। वरिष्ठ संरक्षक अरविन्द व्यास ने मीराबाई का प्रसिद्ध भजन 'ऐरी मैं तो प्रेम दीवानी' प्रस्तुत किया और सभी को मंत्रमुग्ध किया। पं. राजकुमार देवल ने पर्यावरण पर कविता एवं पीडी रायपुरिया ने भी सुंदर गीत सुनाया। इस अवसर पर दिलीप त्रिवेदी, अशोक जैन, सुषमा शर्मा, जितेन्द्र शाह, बहादुरसिंह चौहान, राजेन्द्र शर्मा, शशिकांत शर्मा, पं. गणेशप्रसाद उपाध्याय एवं सुशील जायसवाल ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए पेंशनरों को जन्मदिवस की बधाई प्रेषित की।

> **इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर नमन किया**
>
> सुश्री कीर्ति देवल ने श्रीकृष्ण भगवान का भजन सुनाकर सभी को भाव-विभोर किया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी का स्मरण करते हुए उनकी पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सुश्री देवल ने रिटर्न गिफ्ट के रूप में सभी को पेन एवं पॉकेट डायरी भेंट की, जिसमें महत्वपूर्ण फोन नंबर लिखकर रखने की सलाह दी, ताकि इमरजेंसी में उपयोग आ सके। कार्यक्रम का संचालन जिला कोषाध्यक्ष पीडी रायपुरिया ने किया एवं अंत में आभार जिला सचिव राजेन्द्रप्रसाद जोशी ने माना। स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

**एक नजर** ▶ मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया की अध्यक्षता में आयोजित हुआ समारोह

# प्रदेश की प्रगति के लिए युवा पीढ़ी आज आप : निर्मला भूरिया

**झाबुआ। आज मध्यप्रदेश राज्य का 70वां स्थापना दिवस 'अभ्युदय मध्यप्रदेश' की थीम पर हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ आजीविका भवन झाबुआ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में कलेक्टर नेहा मीना, पुलिस अधीक्षक शिवदयाल सिंह एवं जिलाध्यक्ष भानु भूरिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।**






कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात् मंत्री सुश्री भूरिया द्वारा बालिकाओं का पूजन कर उन्हें उपहार भेंट किए गए। मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने इस अवसर पर जिलेवासियों को 70वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि 1 नवम्बर 1956 को मध्यप्रदेश राज्य की स्थापना हुई थी तथा वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य पृथक होने के पश्चात् वर्तमान स्वरूप में मध्यप्रदेश अस्तित्व में आया। उन्होंने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए शासन एवं प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सुश्री भूरिया ने कहा कि मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और आर्थिक प्रगति के लिए युवा पीढ़ी को आगे बढ़कर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू कर अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। कलेक्टर नेहा मीना ने कहा कि इस वर्ष स्थापना दिवस 'अभ्युदय मध्यप्रदेश' की थीम पर मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश विविधताओं से भरा प्रदेश है, जहाँ थोड़ी ही दूरी पर भाषा, बोली और संस्कृति में परिवर्तन दिखाई देता है। यही विविधता हमारी सबसे बड़ी शक्ति है और इसी सांस्कृतिक विरासत को संजोते हुए पुलिस अधीक्षक शिवदयाल सिंह ने जिलेवासियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आने वाले वर्ष में हम सभी का संकल्प होना चाहिए कि झाबुआ जिला और अधिक सुरक्षित, संकल्पित एवं विकसित बने।

जिलाध्यक्ष भानु भूरिया ने कहा कि जिस प्रकार हम अपने परिवारजनों का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाते हैं, उसी प्रकार राज्य स्थापना दिवस भी पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास के लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों और छात्र-छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे वातावरण उल्लास और उमंग से भर उठा। पीएम श्री कन्या विद्यालय की बालिकाओं द्वारा 'आदि कर्मयोगी अभियान' पर आधारित आकर्षक नृत्य-नाटिका की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

इसी अवसर पर मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने उपस्थित जनसमूह को बाल विवाह न करने एवं उसके उन्मूलन हेतु सक्रिय प्रयास करने की शपथ दिलाई। साथ ही उन्होंने 'नशा मुक्त भारत' अभियान के अंतर्गत सभी को नशामुक्त रहने की शपथ भी दिलाई।

कार्यक्रम के उपरांत मंत्री सुश्री भूरिया, कलेक्टर नेहा मीना एवं पुलिस अधीक्षक श्री शिवदयाल सिंह ने 'नशा मुक्ति सेल्फी स्टैंड' पर सेल्फी लेकर अन्य नागरिकों को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया।

स्थापना दिवस समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग, महाकालेश्वर स्व-सहायता समूह, मध्यप्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, कृषि विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, पशुपालन विभाग तथा स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा हस्तनिर्मित उत्पाद, आदिवासी गुड़िया, जैविक उत्पाद आदि प्रदर्शित किए गए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेन्द्र सिंह चौहान, अपर कलेक्टर श्री सी.एस. सोलंकी, संयुक्त कलेक्टर श्री विजय कुमार मंडलोई, डिप्टी कलेक्टर श्री महेश बड़ोले, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) झाबुआ श्री भास्कर गाचले सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।